NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज़ संघ

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No:248 /NCRES/19

Date: 09.09.2019

डा0 एम. राघवैय्या जी
महामंत्री, एन.एफ.आई.आर.
नई दिल्ली

विषयः— पे मैट्रिक्स 35400—112000 (Level-6) GP-4200 में चयनित ट्रेनी स्टेशन मास्टरों के स्टाइपेन्ड में विसंगति के सम्बन्ध में।

महोदय,

NFIR के प्रयास से सातवें वेतन आयोग द्वारा स्टेशन मास्टर कटेगिरी में ग्रेड पे 2800 समाप्त कर ग्रेड पे 4200 (Level-6) कर दिया गया, तद्नुसार 2800 ग्रेड पे में कार्यरत स्टेशन मास्टर GP-4200 में अपग्रेड भी कर दिये गये। सातवे वेतन आयोग के लागू होने के पश्चात् ग्रेड पे 4200 में सीधी भर्ती कोटे के आधार पर चयनित स्टेशन मास्टरो को चन्दौसी ट्रेनिंग हेतु भेजा गया किन्तु ट्रेनिंग के दौरान स्टाइपेन्ड का भुगतान रू. 35400 न करके रू. 29200 ही किया गया।

रेलवे बोर्ड द्वारा जारी पत्र PC-V/2016/PS/1(Stipend) दिनांक 02.02.2017 RBE No. 08/2017 में ट्रैफिक एवं कामर्शियल विभाग के कम सं0 44 में सहा. स्टेशन मास्टर ग्रेड पे 2800 (Level-5) रू. 29200/— का ही जिक किया गया है। स्टेशन मास्टर GP-4200 (Level-6) का जिक्र न होने के कारण यह विसंगति उत्पन्न हो रही है जिसका खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है।

अतः अनुरोध है कि रेलवे बोर्ड स्तर पर वार्ता कर उपरोक्त विसंगति को खत्म कराने की कृपा करें ताकि ट्रेनी स्टेशन मास्टरो को रू. 29200/— के स्थान पर रू. 35400/— स्टाइपेन्ड के रूप में भुगतान हो सके व इस बीच ट्रेनिंग कर चुके स्टेशन मास्टरों को किये गये भुगतान के अन्तर के एरियर को दिलाया जा सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री